# डब्ल्यूबीइएन ने शिशु सुरक्षा घोषणा पत्र का किया अनावरण

**कोलकाता.** पंचायत चुनाव के लिए सत्तारूढ़ पार्टी से लेकर विपक्षी पार्टियां सभी की तैयारियां जोरों पर हैं. इस पंचायत चुनाव के लिए सभी पार्टियों ने ग्रामीण विकास का दावा किया है. इसी बीच, वेस्ट बंगाल एजुकेशन नेटवर्क (डब्ल्यूबीइएन) ने चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) के साथ मिल कर एक नयी पहल की है. इसी के तहत इसने शिशु अधिकार घोषणा पत्र का अनावरण किया. इस मौके पर वेस्ट बंगाल एजुकेशन नेटवर्क के संयोजक स्वपन पांडा ने कहा कि बंगाल में शिशु अधिकारों का हनन हो रहा है. बंगाल में पांच से 14 वर्ष तक की आयु के शिशुओं में तीन प्रतिशत से भी अधिक बाल श्रमिक हैं, जिनकी संख्या 550092 से भी अधिक है. शिशुओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी पार्टियों को इनके बारे में सोचना होगा. इस मौके पर क्राई के क्षेत्रीय निदेशक अतिंद्र नाथ दास ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य राज्य के सभी राजनेताओं व राज्य सरकार को शिशुओं के अधिकार की रक्षा के प्रति किये गये वादों को याद दिलाना है. इनकी बस इतनी सी मांग है कि स्कूल साफ-सुथरा हो. बाल विवाह को बंद किया जाये. बाल श्रमिकों की प्रथा को खत्म किया जाये और प्रत्येक गांव में एक प्राथमिक चिकित्सा केंद्र हो, जहां कम से कम एक चिकित्सक तैनात रहे.